**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**

**भारत सरकार**

**महत्वपूर्ण घटनाक्रम का सारांश- जून, 2023**

**1. माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां**:

अनुलग्नक-I में दी गई हैं।

**2. व्यापक अंतर मंत्रालयी विचार-विमर्श/विलंब आदि के कारण रुके हुए महत्वपूर्ण नीतिगत पहलू/मामले आदि**:

शून्य।

**3. मंत्रालय में तीन महीने से अधिक समय से लंबित "अभियोजन के लिए स्वीकृति के मामले**:"

शून्य।

**4. ऐसे मामलों का विवरण जिसमें सरकार के कार्य व्यवहार या सरकार की स्थापित नीति में छूट दी गयी है**:

शून्य

**5. चालू स्वच्छता अभियान की स्थिति (विशेष अभियान के तहत प्रगति):**

परिसर की सामान्य सफाई।

**6. स्वायत्त निकायों के पुनर्गठन की स्थिति:**

मंत्रिमंडल ने दिनांक 13 जुलाई, 2022 को हुई अपनी बैठक में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन 5 स्वायत्तशासी निकायों का एक स्वायत्तशासी निकाय में विलय करने के लिए अपना अनुमोदन दे दिया। इसे लागू करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

**7. प्रशासन और विकास में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित उपकरणों और अनुप्रयोगों के उपयोग के लिए मंत्रालय द्वारा किए गए विशिष्ट उपायों के संबंध में सूचना:**

समुद्र की सतह का तापमान और क्लोरोफिल जैसे उपग्रह से प्राप्त किए गए मापदंडों का उपयोग करके मछली पकड़ने के संभावित क्षेत्र की परामर्शिकाएं जारी की जाती हैं। इसके अलावा, अल्पावधि और मध्यम अवधि के मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए ग्लोबल सैटेलाइट के डेटा का सतत रूप से उपयोग किया जाता है।

**8. स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित मंत्रालय/विभाग में वरिष्ठ स्तर की नियुक्तियों की रिक्ति की स्थिति:**

इस बात की पुष्टि की जाती है कि मंत्रालय/विभाग और उसके संगठनों के मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के दायरे में आने वाले सभी पदों का ब्यौरा एवीएमएस पर अद्यतन किया गया है और इसका ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

**9. ऐसे मामलों की सूची जिनमें मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया है**:

इस बात की पुष्टि की जाती है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्देशों का अनुपालन किया गया है।

**10. माह के दौरान पास कर दिए गए एफडीआई प्रस्तावों का विवरण तथा मंत्रालय/विभाग में अनुमोदन हेतु प्रतीक्षारत एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति** :

लागू नहीं।

*******

**अनुलग्नक-I**

**लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां:**

- माननीय केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री, श्री किरेन रिजिजू ने नॉर्वे के अनुसंधान और उच्च शिक्षा मंत्री के निमंत्रण पर दिनांक 12 से 16 जून 2023 के दौरान नॉर्वे का दौरा किया। माननीय केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री "सस्टेनेबल पाथवे - अनुसंधान, शिक्षा और नवाचार में नॉर्वे-भारत सहयोग" सम्मेलन में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता थे। माननीय केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री ने आर्कटिक के स्वालबार्ड के नाइ-एलेसुंड में भारतीय अनुसंधान स्टेशन "हिमाद्रि" का दौरा किया और भारतीय शोधकर्ताओं के साथ बातचीत की। माननीय केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री ने स्वालबार्ड ग्राउंड स्टेशन का भी दौरा किया जहां भारत (इसरो) दो एंटेना स्थापित कर रहा है। बर्गन की अपनी यात्रा के दौरान, माननीय केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री ने बर्कनेस सेंटर फॉर क्लाइमेट रिसर्च, नानसेन एनवायरनमेंटल एंड रिमोट सेंसिंग सेंटर, इंस्टिट्यूट ऑफ मरीन रिसर्च से आए जलवायु, समुद्र विज्ञान और पृथ्वी विज्ञान के क्षेत्र में काम करने वाले वैज्ञानिकों के साथ बातचीत की।

- माननीय केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री, श्री किरेन रिजिजू ने चेन्नई में 'समुद्र तट सफाई अभियान' में भाग लिया और 8 जून, 2023 को एनआईओटी में विश्व महासागर दिवस समारोह की अध्यक्षता की।

- माननीय केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री, श्री किरेन रिजिजू ने अनुसंधान जहाजों, सागर निधि और सागर अन्वेषिका का दौरा किया और एनआईओटी द्वारा विकसित वैज्ञानिक डेटा प्रबंधन के लिए शिप ट्रैकिंग सिस्टम [एसटीएसएसडीएम] का उद्घाटन किया। यह उन्नत प्रणाली वैश्विक समुद्री आवश्यकताओं के अनुरूप जहाज के वैज्ञानिक डेटा और गतिविधियों की वास्तविक समय पर निगरानी की सुविधा प्रदान करती है।

- भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र के निदेशक, डॉ. श्रीनिवास कुमार को यूनेस्को के अंतर्राष्ट्रीय महासागरीय आयोग का उपाध्यक्ष चुना गया।

- कमीशन फोर दि कंजरवेशन ऑफ अंटार्कटिक मरीन लिविंग रिसोर्सेज (CCAMLR) के सांख्यिकी, मूल्यांकन और प्रबंधन (डब्ल्यूजी-एसएएम) के संबंध में कार्य समूह की बैठक 26 से 30 जून 2023 के दौरान समुद्री सजीव संसाधन और पारिस्थितिकी केंद्र (सीएमएलआरई) में आयोजित की गई और इसमें भारत सहित 14 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

- जुलाई 2023 के दौरान पूरे देश में मासिक वर्षा सामान्य (दीर्घकालिक औसत (एलपीए) का (94 से 106%) तक सामान्य होने की सबसे अधिक संभावना है।

- जुलाई 2023 के दौरान, देश के अधिकांश भागों में सामान्य से लेकर सामान्य से अधिक अधिकतम तापमान रहने की संभावना है।

- जुलाई से सितंबर 2023 के दौरान भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर पर अल नीनो स्थितियों और हिंद महासागर पर सकारात्मक हिंद महासागर द्विध्रुव (आईओडी) स्थितियों के विकसित होने की अधिक संभावनाएं हैं।

- दक्षिण-पश्चिम मॉनसून 1 जून 2023 को दक्षिण अरब सागर और मालदीव और कोमोरिन क्षेत्र के कुछ भागों और दक्षिण बंगाल की खाड़ी और पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ और भागों में आगे बढ़ गया है।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जलवायु अनुकूलन प्रयासों को मजबूत करने के लिए मौसम डेटा का उपयोग करके भारत की जलवायु तन्यकता बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर 22 जून को हस्ताक्षर किए।
- आईआईटीएम द्वारा द्वारकादास जे. संघवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (DJSCE), विले पार्ले (पश्चिम), मुंबई के परिसर में एक्स-बैंड रडार की स्थापना के लिए 16 जून 2023 को उनके साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- एनआईओटी द्वारा स्वदेशी एक्वास्टिक सब बॉटम प्रोफाइलर की प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी) के माध्यम से मेसर्स भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) बैंगलोर के साथ एक त्रि-पक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

निर्णय/अनुमोदन की आवश्यकता वाला कोई भी मामला मंत्रिमंडल के समक्ष लंबित नहीं था।

न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन;

- किसान पोर्टल और सरकारी निजी सहभागिता मोड के माध्यम से देश में एस.एम.एस और आईवीआर प्रौद्योगिकी के जरिए प्रयोक्ता समुदायों के लिए एग्रोमेट परामर्शिकाओं का प्रसारण जारी है। वर्तमान में, देश में लगभग 7.6 मिलियन किसान सीधे ही परामर्शिकांए प्राप्त कर रहे हैं।
- राज्य सरकार के अधिकारियों/ आपदा प्रबंधन संबंधी अधिकारियों/केंद्र सरकार के संगठनों/जन सामान्य को मोबाइल के माध्यम से प्रतिकूल मौसम के बारे में एसएमएस से चेतावनियां भेजी जा रही हैं।
- राज्य प्राधिकरणों, इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया सहित सभी प्रयोक्ताओं को ईमेल के माध्यम से कई शहरों के लिए चेतावनी और शहर पूर्वानुमान के साथ-साथ दैनिक पूर्वानुमान प्रसारित किये जाते हैं।

## वायु मंडलीय प्रेक्षण प्रणाली नेटवर्क

| प्रेक्षण का प्रकार | अब तक चालू किए गए | महीने के दौरान स्थापित। | डेटा रिपोर्टिंग। |
|---|---|---|---|
| स्वचालित मौसम स्टेशन (AWS) | *491 | -- | 491 |
| स्वचालित वर्षा मापक (ARG) | **507 | -- | 507 |
| एग्रो एडब्ल्यूएस | 200 | -- | 195 |
| जीपीएस सोंडे आधारित आरएस/आरडब्ल्यू स्टेशन | 56 | -- | 56 |
| डॉपलर मौसम रडार (DWR) | ***39 | -- | 31 |
| ओजोन (ओजोन सोंदे+कुल ओजोन) | 02 | -- | 02 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सतह ओजोन (विद्युत-रासायनिक सांद्रता सेल विधि) | 07 | -- | 05 |
| नेफेलोमीटर | 12 | -- | 09 |
| स्काई रेडियोमीटर | 20 | -- | 17 |
| ब्लैक कार्बन मॉनिटरिंग सिस्टम (अथैलोमीटर) | 25 | -- | 19 |
| वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली (सफर) | 10 (दिल्ली)<br>10 (मुंबई)<br>10 (अहमदाबाद) | -- | 09 (दिल्ली)<br>****शून्य (मुंबई)<br>शून्य (अहमदाबाद) |
| हाइड्रोमैट (भारत मौसम विज्ञान विभाग एवं एडब्ल्यूएस एवं एआरजी को छोडकर अन्य विभाग) | --- | -- | 3082 |
| विमानन | 99 | -- | 99 |
| रेडिएशन स्टेशन | 47 | --- | 47 |

*  स्थापित किए गए कुल 808 में से 317 पुराने हैं।
** स्थापित किए गए कुल 1382 में से 875 पुराने हैं।
***भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के दो डॉप्लर मौसम रडार सहित।
****फर्म के साथ अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया गया है।

**मॉडलिंग**

जून, 2023 के दौरान, हर सप्ताह गुरुवार को, बारिश, सतह के तापमान और हवाओं (पूर्ण क्षेत्रों और विसंगतियों) के लिए चार सप्ताह के लिए राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र, युग्मित मॉडल आधारित विस्तृत अवधि पूर्वानुमान (ईआरपी) (i) आईएमडी के दीर्घ अवधि के पूर्वानुमान और कृषि-मौसम प्रभाग, (ii) भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) ईआरपी समूह, (iii) अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (SAC), (iv) डिफेंस जियो-इनफोर्मेटिक्स रिसर्च एस्टेब्लिशमेंट (DGRE), (v) भारतीय वायु सेना (IAF), (vi) भारतीय नौसेना, (vii) जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (GSI), (viii) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी (NIH), (ix) आईएमडी के सभी प्रादेशिक केंद्र और (x) बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल तकनीकी और आर्थिक सहयोग (बिम्सटेक) देशों के मौसम विभागों को रियल टाइम में प्रदान किए गए । इसके अतिरिक्त, हिमपात के पूर्वानुमान रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) तथा भारतीय वायु सेना को उपयोग के लिए उपलब्ध करवाए गए। माह के अंतिम गुरुवार अर्थात् 29 जून, 2023 को जुलाई, 2023 के लिए मासिक औसत पूर्वानुमान भी प्रयोक्ताओं के लिए शामिल किए गए थे।

**मासिक मौसम सारांश (जून 2023)**

## क) माह के दौरान महत्वपूर्ण मौसम संबंधी घटनाएं

<u>निम्न दबाव प्रणालियाँ:</u>

5 जून, 2023 को दक्षिणपूर्व अरब सागर (एएस) के ऊपर एक ऊपरी वायु चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना। इस प्रभाव से उसी क्षेत्र में एक कम दबाव का क्षेत्र बना और यह 6 जून को दक्षिणपूर्व अरब सागर के ऊपर एक अवदाब में केंद्रित हो गया। यह लगभग उत्तर की ओर बढ़ गया और गहरे दबाव (DD) और चक्रवाती तूफान (CS) "बिपरजॉय" में बदल गया। लगभग उत्तर की ओर आगे बढ़ते हुए, यह पूर्व-मध्य अरब सागर पर एक प्रचंड चक्रवाती तूफान (SCS) में बदल गया और 7 जून को उसी क्षेत्र में एक बहुत प्रचंड चक्रवाती तूफान (VSCS) में बदल गया। उत्तर की ओर बढ़ते हुए, यह 11 जून को पूर्व-मध्य अरब सागर पर एक अत्यंत प्रचंड चक्रवाती तूफान (ESCS) में बदल गया। इस प्रणाली के कारण गुजरात, राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश में तीव्र वर्षा हुई। बंगाल की उत्तरी खाड़ी के ऊपर बनी दो निम्न दबाव प्रणालियों (LPS) के प्रभाव में (उनमें से एक 9 जून के आसपास और दूसरी 25 जून 2023 को) और उनके बाद के संचलन ने देश भर में दक्षिण-पश्चिम मानसून को आगे बढ़ाने में बहुत मदद की है। इन प्रणालियों के प्रभाव और अत्यंत प्रचंड चक्रवाती तूफान "बिपरजॉय" के अवशेषों के तहत, माह के दौरान देश भर में तीव्र वर्षा की घटनाएं दर्ज की गईं।

**<u>लू :</u>**

महीने के दौरान मध्य और प्रायद्वीपीय भारत के पूर्वी और आसपास के क्षेत्रों में सामान्य से अधिक लू वाले दिन देखे गए।

## ख) वर्षा परिदृश्य:

जून-2023 के महीने में पूरे देश में 148.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो कि इसकी दीर्घावधि औसत (एलपीए) 165.3 मिमि का 90% है।

## ग) भारी वर्षा की घटनाएँ:

| **जारी की गई चेतावनी** | **भारी/बहुत भारी वर्षा की घटनाओं की संख्या (>64.4 मिमी): 330** |
|---|---|
| | **वर्षा के लिए सही प्रतिशत (% में)> 64.4 मिमी** |
| दिन 1 / 24 घंटे | 84 |
| दिन 2 / 48 घंटे | 84 |
| दिन 3 / 72 घंटे | 83 |

## घ) तापमान परिदृश्य :

पूरे देश के लिए जून-2023 के महीने का औसत तापमान 30.03 डिग्री सेल्शियस था जो सामान्य से +0.078 डिग्री सेल्शियस अधिक था। 12 जून 2023 को संभलपुर (ओडिशा) में अधिकतम तापमान 46.1 डिग्री सेल्शियस और महीने के दौरान देश के मैदानी इलाकों में 17 जून 2023 को ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) में 15.5 डिग्री सेल्शियस का न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

## ङ) गरजने और ओलावृष्टि की घटनाएं:

माह के दौरान (माह की अंतिम तिथि को 08:30 आईएसटी तक) गरजने और ओलावृष्टि की घटनाएं नीचे तालिका में दी गई हैं:

| क्र.सं. | क्षेत्र | तेज गरज/ के साथ तूफान वाले दिन | ओलावृष्टि की घटनाएं | गरजने की घटनाएँ | धूल भरी आंधी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत | 30 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 2. | उत्तरी पश्चिमी भारत | 29 | 4 {मुक्तेश्वर -1,2,6 जून, कूकेरनाग –5 जून} | शून्य | 6 {जयपुर- 3 जून, बीकानेर- 3 जून, जोधपुर- 3 जून, जालौर- 3 जून, चित्तौड़गढ़- 3 जून, चूरू- 6 जून} |
| 3. | पूर्वोत्तर भारत | 30 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 4. | पूर्वी भारत | 30 | शून्य | 5 {अलीपुर-12 जून, दमदम-11 जून, पोर्टब्लेयर-04,10 जून, मालदा-11 जून} | शून्य |
| 5. | मध्य भारत | 28 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 6. | पश्चिमी भारत | 25 | 2 {ठाणे-1 जून, सांगली- 1 जून} | शून्य | शून्य |

**जारी किए गए बुलेटिन/ चेतावनी /प्रेस विज्ञप्तियां:**

अखिल भारत मौसम बुलेटिन:- 120, अखिल भारत में गंभीर मौसम का अनुमान और चेतावनी:- 120, संपूर्ण भारत में साप्ताहिक मौसम रिपोर्ट:- 5, अगले 5 दिनों तक साइक्लोजेनेसिस पूर्वानुमान के साथ दैनिक उष्णदेशीय मौसम पूर्वानुमान: 16, प्रतिकूल मौसम पूर्वानुमान कार्यक्रम के अन्तर्गत अगले 5 दिनों के लिए दैनिक प्रतिकूल मौसम दिशानिर्देश: 30, अगले 2 सप्ताहों के लिए साइक्लोजेनेसिस के लिए साप्ताहिक विस्तारित अवधि पूर्वानुमान: 5, अगले 5 दिनों के लिए उत्तरी हिंद महासागर में मछुआरों के लिए दैनिक चेतावनी: 16, अगले 12 घंटों के लिए भारतीय नौसेना हेतु फ्लीट पूर्वानुमान: 32, अगले 36 घंटों के लिए वैश्विक समुद्री संकट सुरक्षा प्रणाली के अन्तर्गत गहरे समुद्र में जहाजों के लिए बुलेटिन: 32, पश्चिमी और मध्य हिमालयी क्षेत्र के लिए जारी किये गये पर्वतीय मौसम बुलेटिन:- 60, भारतीय सेना (हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल) द्वारा संचालित माउंट कुन अभियान के लिए अभियान पूर्वानुमान बुलेटिन : 12, NIMAS (राष्ट्रीय पर्वतारोहण और साहसिक खेल संस्थान) द्वारा आयोजित अभियान माउंट कामेट के लिए अभियान पूर्वानुमान बुलेटिन,: 24, NIMAS (राष्ट्रीय पर्वतारोहण और साहसिक खेल संस्थान) द्वारा आयोजित दिरांग अभियान के लिए अभियान पूर्वानुमान बुलेटिन: 17, NDRF (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल) द्वारा संचालित माउंट भागीरथी-II के लिए जारी किए गए अभियान पूर्वानुमान बुलेटिन: 5, प्रतिकूल मौसम के लिए नाउकास्ट मार्गदर्शन बुलेटिन:- 30 , पूर्वानुमान प्रदर्शन परियोजना (एफडीपी) गंभीर गरज युक्त तूफान प्रेक्षण और क्षेत्रीय मॉडलिंग (स्टॉर्म) बुलेटिन: 30, वर्तमान तापमान स्थिति और लू चेतावनी बुलेटिन: -30, महीने के दौरान जारी प्रेस विज्ञप्ति: - 41

**प्रकाशन और प्रचालन रिपोर्टें:**

1. फरवरी 2023 और शीत ऋतु के लिए क्लाइमेट डायग्नोस्टिक बुलेटिन को वेबसाइट पर प्रकाशित और अपलोड किया गया।
2. जून 2023 के महीने के लिए ईएनएसओ बुलेटिन और जून से सितंबर 2023 की अवधि दक्षिण एशिया मौसमी जलवायु आउटलुक जारी किए गए।
   (त्वरित लिंक: www.imdpune.gov.in/Clim_Pred_LRF_New/Products.html)
3. मई 2023 के महीने के लिए जलवायु सारांश जारी किया गया।
4. डिजिटल करंट वेदर इंडिकेशन सिस्टम (DCWIS) और प्रेजेंट वेदर डिटेक्टर (PWD) सिस्टम्स को जलगांव हवाई अड्डे (Runway (RWY) 27)पर स्थापित किया गया।
5. खजुराहो हवाई अड्डे (RWY 19) पर DCWIS और PWD सिस्टम स्थापित किए गए।
6. DCWIS और PWD सिस्टम तिरुपति हवाई अड्डे (RWY 26) और विजयवाड़ा हवाई अड्डे (RWY 26 और 08) पर स्थापित किए गए।

**भूकंपविज्ञानीय प्रेक्षण नेटवर्क**

| प्रेक्षण का प्रकार | अब तक स्थापित | माह के दौरान डेटा रिपोर्टिंग |
|---|---|---|
| भूकंप पूर्वानुमान केन्द्र | 153 | 137 |

**भूकंप और सुनामी की निगरानी**

भूकंप:
भारतीय क्षेत्र में 122 भूकंपों की निगरानी की गई, जिसमें से 2 भूकंपों की तीव्रता 5.0 से अधिक थी।

सुनामी**:**
इस माह के दौरान सुनामी उत्पन्न कर सकने की क्षमता वाले 1 समुद्र तलीय भूकंप (6 से अधिक तीव्रता वाले) आया। यह सूचना घटना होने के 12 मिनट से कम समय के अंदर उपलब्ध कराई गई।

**समुद्र प्रेक्षण प्रणाली**

| प्लेटफॉर्म का प्रकार | माह के दौरान आरंभ किये गये | माह के दौरान प्राप्त डेटा |
|---|---|---|
| अर्गो फ्लोट्स | 80 | 48 |
| मूरेड बुवॉय | 19 | 14 |
| टाइड गेज | 36 | 31 |
| उच्च आवृत्ति (HF) राडार | 12 | 6 |
| एकाउस्टिक डॉपलर करंट प्रोफाइलर (ADCP) | 20 | 17 |
| सुनामी बुवॉय | 7 | 3 |
| वेव राइडर बुवॉय | 16 | 12 |

**समुद्र विज्ञान सेवाएँ**

| क्र.सं. | पूर्वानुमान के प्रकार | महीने के दौरान जारी की गई परामर्शिकाओं की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | इंटीग्रेटेड पोटेंशियल फिशिंग जोन (PFZ) एडवाइज़री (सी सर्फेस टेम्परेचर (SST), क्लोरोफिल, विंड)। | 16 |
| 2. | टूना मछली पकड़ने की परामर्शिकाएं | 1 |
| 3. | समुद्री दशा का पूर्वानुमान (OSF) लहरें, पवन,धारा, एसएसटी(समुद्र तल का तापमान), MLD (मिश्रित परत की गहराई)और D20 पूर्वानुमान | 31 |
| 4. | रियल टाइम वैश्विक समुद्र विश्लेषण (दैनिक) | 31 |
| 5. | कोरल विरंजन चेतावनी प्रणाली | 10 |

**आउटरीच एवं जागरुकता**

- भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर एवं आईएमडी वेबसाइट के माध्यम से अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा में लगभग 5 मिनट अवधि के मौसम पूर्वानुमान सम्बन्धी वीडियो प्रतिदिन जारी किए।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा वेबसाइट एवं सोशल मीडिया (फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब आदि) के माध्यम से प्रत्येक गुरूवार को विस्तृत अवधि पूर्वानुमान (दो सप्ताह तक का) सम्बन्धी साप्ताहिक वीडियो जारी किया जाता है।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा देशभर के अंदर पूर्वानुमानकर्ताओं द्वारा दैनिक साक्षात्कार दिया गया।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा नियमित रूप से पूर्वानुमान वीडियो क्षेत्रीय भाषाओं में जारी किए गए।
- ग्राफिक युक्त बुलेटिन एवं चेतावनी सोशल मीडिया समेत फेसबुक, ट्विटर, इंस्ट्राग्राफ, यूट्यूब एवं आईएमडी ब्लॉग पेज के माध्यम से भी जारी किए गए।
- आईआईटीएम, पुणे ने 5 जून 2023 को विश्व पर्यावरण दिवस 2023 मनाते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विभिन्न जागरुकता गतिविधियां संचालित की।
- आईआईटीएम ने विश्व रक्तदाता दिवस पर दिनांक 12 जून 2023 को आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज (AFMC) के साथ मिलकर भारतीय सेना के लिए एक रक्तदान शिविर आयोजित किया।
- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने संयुक्त रूप से 26-27 मई, 2023 के दौरान आईआईटी बॉम्बे में इंटरनेशनल क्लाइमेट रिसर्च कॉनक्लेव की मेजबानी की।
- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय तथा इसके संस्थानों ने दिनांक 21 जून, 2023 को काफी उत्साह के साथ अन्तरराष्ट्रीय योगा दिवस मनाया।
- भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केन्द्र (इंकॉइस) ने 7 जून, 2023 को 26वें इंटरगर्वनमेंटल कॉर्डिनेशन ग्रुप फॉर दि इंडियन सुनामी वार्निंग एंड मिटिगेशन सिस्टम (ICG/IOTWMS) कम्युनिकेशन टेस्ट में सहभागिता की, तथा सुनामी सर्विंग प्रोवाइडर (TSP) के रूप में 25 इंडियन ओशन रिम देशों को टेस्ट बुलेटिन जारी किये। इसने निकोबार द्वीपसमूह, भारत परिदृश्य को टेस्ट किया, और ईमेल, एसएमएस, फैक्स, जीटीएस तथा वेबसाइट के प्रसार तंत्र का सत्यापन किया।

- इंकॉइस ने एक ओपेन डे के रूप में 8 जून को विश्व महासागर दिवस मनाया, जिसमें सात सौ (700) आगंतुकों ने हिस्सा लिया, इसमें स्कूल और यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों से लेकर सेवानिवृत्त अधिकारीगण तथा आम लोग शामिल थे।
- राष्ट्रीय तटीय अनुसंधान केन्द्र (NCCR) ने पुडुचेरी प्रशासन हेतु दिनांक 22 जून को 2023 को "नॉलेजबेस टू एम.एस.पी. फोर पुडुचेरी एंड इम्पिलमैंट प्लान" तथा कार्यान्वयन योजनाएं" संबंधी एक कार्यशाला आयोजित किया।

**<u>प्रकाशन</u>**

| **विषय** | **प्रकाशन** | | | **पीएचडी** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **अप्रैल, 2023 – मई 2023** | **जून 23** | **कुल** | **अप्रैल, 2023 – मई 2023** | **जून 23** | **कुल** |
| वायुमण्डलीय विज्ञान | **25** | 14 | **39** | **5** | - | **5** |
| समुद्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | **23** | 8 | **31** | **2** | - | **2** |
| ध्रुवीय विज्ञान | **1** | 3 | **4** | **-** | - | **-** |
| भूविज्ञान एवं संसाधन | **4** | 5 | **9** | **2** | - | **2** |
| **कुल** | **53** | **30** | **83** | **9** | **-** | **9** |

**<u>माह के दौरान समुद्री अनुसंधान पोतों का उपयोग</u>**

| **जलपोत** | **समुद्र पर दिन / उपयोग** | **अनुरक्षण / निरीक्षण / वैज्ञानिक लॉजिस्टिक / क्रूज तैयारी** | **क्रूज की संख्या** |
|---|---|---|---|
| सागर निधि | 28 | 2 | 2 |
| सागर मंजूषा | 16 | 14 | 1 |
| सागर तारा | 18 | 12 | 2 |
| सागर अन्वेषिका | 12 | 18 | 1 |
| सागर कन्या | 0 | 30 | 0 |
| सागर सम्पदा | 0 | 30 | 0 |

**अनुलग्नक II**

सं. एमओईएस/20/01/2017-स्था.
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

पृथ्वी भवन, लोधी रोड
नई दिल्ली 110 003
दिनांक: 13जुलाई, 2023

**प्रमाण पत्र**
**(माह जून2023 के लिए)**

प्रमाणित किया जाता है कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय से संबंधित सभी पदों के संबंध में विस्तृत स्थिति जून,2023 माह के अंतिम दिन एवीएमएस पर अपडेट कर दी गई है। स्थिति का सार विवरण नीचे दिया गया है:-

(क) एवीएमएस में दर्ज किए जाने हेतु अपेक्षित पदों की कुल संख्या -13

(ख) आज की तारीख की स्थिति के अनुसार भरे हुए पदों की संख्या -11

(ग) आज की तारीख की स्थिति के अनुसार पूर्णत: रिक्त पदों की संख्या -02

(घ) अतिरिक्त प्रभार व्यवस्था के अधीन पदों की संख्या -00

(ङ) आगामी 6 माह में रिक्त होने वाले पदों की संख्या -01

(धरकत आर. लुइकेंग)
उप सचिव
dharkat@nic.in